कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक : वि0प0 / रा0सु0रा0आ0आ0वि0प्र0प0 2021 / 24 / 2021–22 दिनांक 06 सितम्बर 2021।

:: विज्ञप्ति ::

राजकीय सु0रा0आ0 आवासीय विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार) प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6) 2021

रा0सु0रा0आ0 आवासीय विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार) में सत्र 2021–22 में कक्षा 06 में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि उनके प्रवेश–पत्र डाक से उनके आवेदन पत्र में अंकित पते पर प्रेषित किये जा चुके हैं। प्रवेश परीक्षा **दिनांक 19 सितम्बर 2021 (रविवार)** को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। जिन छात्र/छात्राओं के प्रवेश–पत्र प्राप्त नहीं हुये हैं वे उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र से दिनांक **19 सितम्बर 2021** को प्रातः 09:00 बजे तक अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवंटित परीक्षा केन्द्रों की सूची उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** के कार्नर वाले आईकॉन पर उपलब्ध हैं। आयु निर्धारित सीमा से कम अथवा अधिक होने के कारण छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र निरस्त किये गये हैं उनकी सूची भी परिषद् की उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के बचाव/रोकथाम संबंधी आदेशों/निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी को मास्क/फेस सील्ड पहनना अनिवार्य होगा।

03/09/21

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।